हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 तीन जनपद सीईओ सहित आठ अधिकारियों को वेतन वृद्धि ...



07 चोकाबाग छात्र हत्याकंड में वांछित बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़



खबर संक्षेप में



उमंग दिवस पर हुआ आयोजन

नाहरगढ/ मंदसौर। एकीकृत शासकीय हाईस्कूल रणायरा मे उमंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत अडिग सकारात्मकता कि शपथ के साथ हुई । कार्यक्रम कि थीम उमंग है तो जिंदगी में रंग है पर 150 मिनिट के विशेष सत्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ ।जिसमें बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने कि गतिविधियां आयोजित की गई, बच्चों को आत्मरक्षा,सायबर सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई, कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था प्राचार्य दशरथ सूर्यवंशी द्वारा दी गई।

वाल्मीकि समाज के धरने को शहर कांग्रेस ने दिया समर्थन

शामगढ़। वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शामगढ़ में किए जा रहे धरना प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. शौकत मंसूरी कांग्रेस के साथियों एवं पार्षदगण के साथ शामिल हुए और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर डॉ. शौकत मंसूरी ने कहा कि सफाई कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी जायज मांगों पर सरकार एवं प्रशासन को संवेदनशीलता से विचार करते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए। सभी कांग्रेसजनों एवं पार्षदगण ने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती एवं अन्य सेवा संबंधी मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज द्वारा उठाई जा रही आवाज का वे समर्थन करते हैं। धरना स्थल पर सभी कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित थे।

धर्मग्रंथों का मनोयोग से अध्ययन करो: विरलविजयजी

मंदसौर । शांतसुधारस शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. ने बाह्य व अभ्यंतर दो प्रकार के तप बताये है । 6 प्रकार के बाह्य व 6 प्रकार के अभ्यंतर तप शांतसुधारस शास्त्र में बताये गये है। जीवन में मानव के सभी 12 प्रकार के बाह्य व अभ्यंतर तप की महत्ता को समझकर उसके अनुरूप जीवन निर्वहन करना चाहिये। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत श्री विरलविजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा (व्याख्यान) में कहे। आपने मंगलवार को यहां धर्मसभा में कहा कि उपाध्याय विनयविजयजी म.सा. ने प्रायश्चित, विनय, वैयावच्च, स्वाध्याय को भी अभ्यंतर तप बताया है अर्थात वह तप जो दिखायी नहीं देता लेकिन उसका फल भी तप-तपस्या के समान पुण्य कर्म का संचय करता है । जीवन में हमें इन अभ्यंतर तप की महत्ता को समझते हुये ये सब प्रकार के तप में भी अग्रणी रहना चाहिये । आपने कहा कि स्वयं को जानने के लिये पढ़ना स्वाध्याय कहलाता है । आपने कहा कि जो भी व्यक्ति स्वयं को जानने के लिये स्वाध्याय करेगा वैसे-वैसे परमात्मा के प्रति प्रीत बढ़ेगी । जीवन में हमें कभी भी स्वाध्याय करने में पीछे नहीं रहना चाहिये । आपने कहा कि जिस व्यक्ति ने भी मनुष्य भव में जन्म लिया उसे अपने धर्म शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिये । जैन श्रावक-श्राविका को गुरुवंदन, चैत्यवंदन, प्रतिक्रमण (पाठ) का ज्ञान होना ही चाहिये । जीवन में हमें स्वाध्याय की महत्ता को समझकर समय निकालकर स्वाध्याय करना ही चाहिये । आपने कहा कि जो भी शास्त्रों का अध्ययन करो पूरे मनोयोग से करो । जीवन में शास्त्रों का अध्ययन करने से ज्ञानावली कर्म का जो बंधन है वह समाप्त होता है ।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत भाजपा द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

आयुर्वेदिक पद्धति हजारों साल पुरानी है, जो बीमारी को जड़ से खत्म करती है: डॉक्टर अंशुल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत भाजपा मंडल नलखेड़ा द्वारा मंगलवार को नगर में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के ग्रामों से भी नागरिक अपनी बीमारी के इलाज हेतु पहुंचे।जिसमें आयुर्वेद रत्न डॉक्टर अंशुल गुप्ता सागर के द्वारा सभी प्रकार की जांच एवं परामर्श निशुल्क किया गया।

मंगलवार को स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित रेन बसेरा परिसर में भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर,भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, भाजपा मंदसौर जिला प्रभारी दिलीप सकलेचा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष साक्षी सकलेचा आदि की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां बगलामुखी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पूजन किया गया। सभी अतिथियों का भाजपा मंडल पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टे से स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल नलखेड़ा अध्यक्ष रोहित सकलेचा, भाजपा मंडल धरोला अध्यक्ष भंवर सिंह चंद्रावत, मंडल महामंत्री



शिवम नागर, नगर परिषद पार्षद गोवर्धन वेदिया, मोहन नागर, राकेशगवली, अमित तातेड, मनोज गायरी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिविर को संबोधित करते हुए डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि आयुर्वेदिक पद्धति हजारों साल पुरानी पद्धति है। वर्तमान पद्धति को हम जानकारी नहीं रहे, लेकिन किसी बीमारी को जड़ से ही खत्म करना है तो हमें आयुर्वेदिक दवाइयों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में घुटने व कमर के दर्द की तकलीफ बहुत बढ़ रही है इसके पीछे का कारण हमने देसी शुद्ध घी का अधिक इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। हमें घी अधिक मात्रा में खाना चाहिए।जिससे शरीर में ग्रिस बनता वह घी ही होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हम शरीर के मुख्य भाग नाभि को भूल रहे हैं,पूर्व समय में माताएं अपने बच्चों के बचपन के दिनों में नाभि में देसी घी या सरसों का तेल डालती थी। जिसके कारण कई प्रकार की बीमारियां बच्चों से दूर रहती थी। डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि मानव शरीर में 72 हजार इंद्रियों का एक केंद्र है, वह है हमारा नाभि केंद्र। उन्होंने बताया कि हमें स्नान करते समय सबसे पहले अपने नाभि केंद्र का अच्छी तरह जल से स्नान करना चाहिए। रोज सुबह उठते गर्म जल (जिस पानी की ठंडक खत्म हो गई) पीना चाहिए। उन्होंने कहा की आयु को बढ़ाने वाले वेद को हम आयुर्वेद कहते हैं। आयुर्वेद को अपनाकर आप अपने शरीर का कायाकल्प कर स्वस्थ व निरोगी रह सकते हैं। उन्होंने इस मौके पर आयुर्वेदिक के गुण, ताकत, शक्ति तथा उससे होने वाले फायदे आदि के बारे में भी विस्तार से उपस्थित लोगों को बताते हुए आयुर्वेदिक पद्धति को जीवन में अपनाने की सलाह दी गई।

स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया

स्वास्थ्य शिविर शुभारम्भ के पूर्व सांसद श्री नागर, जिला अध्यक्ष श्री मालवीय द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं पौधारोपण किया गया।

आयुर्वेदिक पद्धति से कई व्याधियों से छुटकारा मिलता है - सांसद नागर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद श्री नागर ने कहा कि पहला सुख, निरोगी काया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ऐसा शिविर आयोजित किया गया है, जिसको हम आयुर्वेदिक कहते हैं। आयु के लिए वेदों पर आधारित तथा कई प्रकार की व्याधियों से छुटकारा दिलाने वाली यह पद्धति है। श्रीनागर ने कहा कि आज हमारे सामने दो विकल्प हैं स्वास्थ्य और नशा। नशा कितने प्रकार से समाज व आने वाली पीढ़ी को कमजोरी बन रहा है। जो इस देश की भावी पीढ़ी व समाज को नशे की ओर ले जा रहे हैं वहां राक्षस के रूप में है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज होना बहुत जरूरी है। यहां हम सब का सामाजिक दायित्व भी है कि हम इस सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाए। इस मौके पर श्री नागर ने बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में कहा कि देश में साइबर ठगी जो चल रही है उससे भी हमें बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। साइबर अपराध के शिकार तभी बनते हैं जब हम किसी दबाव में या फिर लालच में आते हैं। इसीलिए दबाव व लालच से बचें जिसके कारण आप साइबर ठगी, अपराध से बच सकते हैं। इस अवसर पर सांसद श्री नागर ने डॉक्टर श्री गुप्ता से आग्रह किया कि वहां अपने आयुर्वेदिक पद्धति के अनुभव को लिपिबद्ध कर दे ताकि समाज को और ज्यादा आपके अनुभव का लाभ मिल सके। डॉक्टर गुप्ता के सहयोगी अमित जैन मुगावली ने बताया कि डॉक्टर श्री गुप्ता विगत 8 - 9 वर्षों से हजारों लोगों के बीच पहुंचकर पूरे निस्वार्थ भाव से निशुल्क सेवा दे रहे हैं। बेहतर से बेहतर सुविधा देने का हम प्रयास करते हैं।

जिला सहकारी बैंक में समीक्षा बैठक ली गई

क्रेडिट कार्ड से वंचित सभी किसानों को सहकारी बैंक के माध्यम से क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव द्वारा जिला सहकारी बैंक मन्दसौर में समस्त शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में यादव द्वारा निर्देश दिये गये कि बैंक कार्यक्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड दिये जावें एंव नवीन सदस्यता प्रदान कर अधिकतम किसानों को सहकारिता के माध्यम से लाभान्वित किया जावें। इस हेतु समस्त शाखा प्रबंधकों को फिल्ड में सतत सम्पर्क हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यादव द्वारा निर्देषित किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के श्वेत क्रांति के संकल्प को पूरा करने हेतु क्षैत्र में दुग्ध उत्पादन की वृद्धि हेतु हर सम्भव प्रयास किये जावें। नवीन दुग्ध सहकारी संस्थाओं का गठन किया जावें, डेयरी एंव पशुपालन हेतु अधिकाधिक प्रकरणों में वित्त पोषण किया जावें।

बैठक के प्रारंभ में बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिल कच्छारा एंव सांख्यिकी अधिकारी मुकेष पालीवाल द्वारा बैंक की प्रगति से अवगत कराते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। यादव द्वारा सहकारी बैंक के कर्मचारियों की पदोन्नति के सम्बंध में अपेक्स बैंक स्तर पर तत्काल कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा कहा गया की यह हमारे लिए गर्व की बात हैं कि जिला सहकारी बैंक मन्दसौर प्रदेश के बैंको में अग्रणी हैं। बैंक को विगत वर्ष में प्रदेष एंव राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पुरूस्कृत किया गया। सभा में उप आयुक्त सहकारिता श राजू डाबर, विनय दुबेला, अजय सिंह चौहान, मनुप्रिया यादव, शरद जैन, आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर यादव के करकमलो से 02 हितग्राहियों को पशुपालन हेतु 2.80 लाख एंव 03 हितग्राहियों को वायर फेंसिंग हेतु 4.80 लाख ऋण राशि के चेक प्रदान किये गये। साथ ही आई.बी.पी.एस. के माध्यम से चयनित 11 बैंकिंग सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर रायजादा ने बताया महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत ह्व2047 में शिक्षा की परिकल्पनाह्व विषय पर डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन एवं समन्वयन डॉ. नौरीन कुरैशी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 13 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने वर्ष 2047 की शिक्षा व्यवस्था, डिजिटल एवं तकनीकी शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास, समावेशी शिक्षा तथा विकसित भारत के शैक्षणिक स्वरूप की अपनी कल्पनाओं को आकर्षक डिजिटल पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भव्या शर्मा, द्वितीय स्थान नीलम गोपाल जी तथा तृतीय स्थान माया विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन में डॉ. स्मिता मंडलोई एवं डॉ. उषा वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत डिजिटल पोस्टरों का विषयवस्तु, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण एवं विषयानुरूपता के आधार पर मूल्यांकन किया।

रबी सीजन में किसानों को 10 घंटे बिजली देने की मांग

भारतीय किसान संघ ने विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन एग्रीकल्चर फीडरों की लाइनों को प्राथमिकता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी रबी सीजन को देखते हुए किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नलखेड़ा द्वारा मण्प्रण्पण्क्षेण्विण्विण्कंण्लिण् के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों को निर्बाध एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि आगामी रबी सीजन में तहसील नलखेड़ा के सभी एग्रीकल्चर फीडरों की एलटी एवं 11 केवी लाइनों का पेट्रोलियम किसानों के खेतों में खरीफ फसल निकल जाने से खेत खाली होने के कारण एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता से किया जाएए ताकि आने वाले रबी सीजन में किसानों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति मिल सके। संघ द्वारा पूर्व में भी 13 अगस्त 2026 को पत्र क्रमांक 154ध्5 के माध्यम से समस्या से



अवगत कराया गया थाए लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। किसान संघ ने मांग की कि आगामी रबी सीजन में किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसी कारणवश बीच में विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो बाधित समयावधि को बढ़ाकर किसानों को 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति पूरी की जाए। ज्ञापन के माध्यम से किसान नेताओं ने अधिकारियों से किसानों की प्रमुख समस्याओं का गंभीरतापूर्वक एवं शीघ्र निराकरण करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान संघ ब्लॉक नलखेड़ा के मंत्री ओमप्रकाश पाटीदारए तहसील प्रभारी जगदीश पाटीदारए भारतीय किसान संघ जिला आगर मालवा के जिला युवा संयोजक उमेश पाटीदार एवं ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह जौधा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

नपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी



शामगढ़। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। सफाई कर्मचारी नगर परिषद के सामने धरने पर बैठे रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मचारी भी धरने में शामिल हुईं और हाथों में अपनी मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर एवं नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन देते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगें जायज हैं और शासन द्वारा उन्हें स्वीकार किया जाना चाहिए। धरने के दौरान ह्नठेका प्रथा बंद करोह्न सहित विभिन्न मांगों को लेकर नारे लिखी तख्तियां भी दिखाई दीं। सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार करते हुए उनके निराकरण का अनुरोध किया है। वहीं मंगलवार को नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव नगर परिषद के सामने धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचीं। उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए शासन स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाने की बात कही। सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

सपत्नीक विशिष्ट सिद्धि तप आराधना पर भंडारी का हुआ बहुमान

वर्धमान स्वाध्याय संघ का सामूहिक क्षमापना और मिलन समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वर्धमान स्वाध्याय संघ का सामूहिक मिलन समारोह एवं क्षमापना कार्यक्रम उज्जैन के अभ्युदय पूरम जैन तीर्थ में संघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीयों की मंगलकारी उपस्थिति में संपन्न हुआ। एकदिवसीय आयोजन में सभी स्वाध्याय संघ के श्रद्धालुओं द्वारा परमात्मा का संगीत के साथ अद्भुत अलौकिक नाचते गाते भक्ति में भाव विभोर होकर विविध प्रकार के द्रव्यों दुर्लभ वस्तुओ से भगवान पार्श्वनाथ दादा का अभिषेक किया गया। पश्चात दोपहर में 33 वर्षों से संचालित वर्धमान स्वाध्याय संघ के आधार स्तंभ नरेंद्र मेहता, विनोद दख ,मनीष कोचर जावरा, अध्यक्ष विनीत मेहता इंदौर, दर्शन मारू, संतोष चत्तर नामली, के दिशा निर्देशन एवं नेतृत्व में 100 से अधिक सदस्य पर्यूषण महापर्व में निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं स्वाध्याई बनकर, जहां पर साधु



संतों का चातुर्मास नहीं होता है। वहां पर संघ के सदस्य अपनी सेवाएं प्रदान करते है। संघ ने इस वर्ष 21 स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान की है।, विगत 27 वर्षों से संघ में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने एवं चातुर्मास में सपत्नीक विशिष्ट 45 दिवसीय सिद्धि तप आराधना करने पर वर्धमान स्वाध्याय संघ की ओर से स्वाध्याई सचिन भंडारी का सपत्नीक स्वागत बहुमान वर्धमान स्वाध्याय संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा किया गया। सभी सदस्यों में मिलन समारोह एवं क्षमापना के मंगलमय आयोजन में पधारकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव बम नलखेड़ा द्वारा किया गया। स्वाध्याय संघ के सभी पधारे हुए सदस्यों का संघ के वरिष्ठ मनीष कोचर जावरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

सांसद ने दी योजनाओं की जानकारी

सेवा सेतु अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सेतु अभियान अंतर्गत बड़ागांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को भाजपा मंडल बड़ागांव द्वारा शासकीय चिकित्सालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा द्वारा किया गया। शिविर में सांसद नागर द्वारा नागरिकों से संवाद कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजनों की समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिविर में 48 मरीजों द्वारा अपना उपचार करवाया गया। इस अवसर पर भाजपा बड़ागाँव मंडल अध्यक्ष दरबारसिंह, धरोला मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष लाडसिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण राजपूत, पारस जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

सोशल मीडिया वीडियो के बाद सट्टे के अड्डे पर दबिश, तीन गिरफ्तार



चापड़ा। बागली थाना क्षेत्र के शिवाजी चौराहा पर अवैध सट्टा संचालित होने का वीडियो 4 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। वीडियो की तस्दीक के बाद बागली पुलिस ने 5 अक्टूबर को टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी।थाना प्रभारी जीवन हिंडोरे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छगन पिता मांगीलाल हरनिया निवासी गांधी कॉलोनी, सुंदरलाल पिता दयाराम हरनिया निवासी शिवाजी चौराहा तथा अशफाक खां पिता हमीद निवासी सुभाष मार्ग बागली के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार आरोपी छगन के कब्जे से 1200 रुपए एवं सट्टा अंक पर्ची, सुंदरलाल से 1800 रुपए एवं सट्टा अंक पर्ची तथा अशफाक से 2000 रुपए एवं सट्टा अंक पर्ची जब्त की गई। कुल 5000 रुपए नकद जब्त किए गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना बागली में धारा 4-क जुआ अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

समाजसेवी श्याम लाल राठौर का निधन



कांटाफोड़। नगर के वरिष्ठ नागरिक अरुण राठौर एवं राकेश (भूरू) राठौर के पिता तथा रोहित, रितिक, सुमित, विवेक, विनायक राठौर के दादा श्याम लाल राठौर का 02 अक्टूबर आकस्मिक देवलोक गमन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा में कैलाश आमोदिया, मनोज होलानी, राजाराम यादव, मुकेश राठौर, रामगोपाल राठौर,पुरुषोत्तम बियानी, दिनेश बियानी, हामिद खान, सलाम खान, खेरू शाह, डॉ. बनिक, गणपति शर्मा, आशुतोष पाराशर, पूनम सोनी, सीताराम अचाले, अशोक सठिया, अशोक राठौर, सोहन राठौर, पप्पू राठौर, रमेश राठौर, कचरु राठौर अवधेश राठौर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

जनविश्वास अभियान में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेने कलेक्टर के निर्देश

तीन जनपद सीईओ सहित आठ अधिकारियों को वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकाज के निर्देश

कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित। डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को जिले में संचालित पशु एंबुलेंस की मॉनिटरिंग करने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति एवं अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

शिकायतों का निराकरण करने एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर सिंह ने सीईओ जनपद सोनकच्छ, सीईओ जनपद टोंकखुर्द और सीईओ जनपद खातेगांव, विद्युत विभाग के सोनकच्छ डीई अंकुर गोयल, कृषि विभाग के एसएडीओ टोंकखुर्द भारत सोलंकी, सीडीपीओ टोंकखुर्द नीतू हनवाल, कृषि विभाग के एसएडीओ सोनकच्छ को वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जनविश्वास अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें। सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अन्यथा कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पशु चिकित्सा एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकार की शिकायतें दोबारा नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने जिले में संचालित पशु एंबुलेंस की जानकारी एवं उनके संचालन की विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को जिले में संचालित पशु एंबुलेंस की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस कहां-कहां संचालित हो रही हैं तथा निर्धारित समय पर क्यों नहीं पहुंच रही हैं, इसकी नियमित निगरानी की जाए। एंबुलेंस सेवा संबंधी शिकायतों पर कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित सभी 108 एंबुलेंस का रनिंग स्टेटस प्रस्तुत करने के सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एंबुलेंस व्यवस्था की प्रभावी एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' को मजबूत करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनविश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को क्षेत्र का भ्रमण कर विस्तृत प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। प्रतिवेदन में भ्रमण की जानकारी के साथ समस्याओं एवं मौके पर किए गए निराकरण का उल्लेख किया जाए।

साथ ही, शासकीय सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी भी प्रतिवेदन में शामिल की जाए। कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों में संचालित वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जल प्रदाय परियोजनाओं का कार्य निरंतर जारी रखा जाए और किसी भी स्थिति में कार्य बीच में बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की प्रगति पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यक समन्वय के साथ कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। खातेगांव वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट में लापरवाही पर एक्जीक्यूटिव इंजीनियर एमपीयूडीसी संदीप शिंदे को दो वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करने एवं विभागीय जांच संबंधी कार्रवाई के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पीओ डूडा को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में संचालित विकास एवं वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की प्रगति की समीक्षा कर समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सिंह ने जिले के नगरीय निकायों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहे।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन स्थानों पर विकास कार्यों की गति धीमी है, वहां संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो चुकी है, उनमें संबंधितों पर पेनल्टी लगाई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

ऑपरेशन त्रिनेत्रम से चंद घंटों में चोरी का खुलासा चोरी की एक्टिवा बरामद

सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कोतवाली थाना पुलिस ने ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी फुटेज की मदद से स्कूटी चोरी की वारदात का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा स्कूटी भी बरामद कर ली है।पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर को फरियादिया ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एबी रोड स्थित वी-मार्ट के सामने खड़ी उनकी एक्टिवा क्रमांक MP09SJ9381 अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 692/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ भुरु खान पिता शहजादे सलीम खान निवासी शिमला कॉलोनी, स्टेशन रोड, देवास के रूप में हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद कर ली। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में पूर्व में मारपीट एवं चोरी के प्रकरण दर्ज हैं। वर्ष 2007 में भी उसके खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुनील देथलिया, जितेंद्र पटेल तथा आरक्षक सुजीत एवं पंकज की सराहनीय भूमिका रही।

कार्बाइड गन के उपयोग भंडारण और विक्रय पर रोक

देवास। आम नागरिकों की सुरक्षा, जान-माल की रक्षा, लोक स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने कैल्शियम कार्बाइड तथा लोहे, धातु अथवा पीवीसी पाइप में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि व धमाका उत्पन्न करने वाले अवैध पटाखों यानी रकार्बाइड गनर के निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय, प्रदर्शन एवं किसी भी रूप में उपयोग पर तत्काल प्रभाव से पूरे जिले में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

आंगन मिलन समारोह कार्यक्रम किया आयोजित



देवास। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सेवा संकल्प अभियान के तहत "आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम" का आयोजन मल्हार स्मृति में आयोजित किया। कार्यक्रम में दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर एक माह तक "सेवा संकल्प अभियान" संचालित किया जा रहा है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। यह एक अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान है।इस अवसर पर पोषण अभियान अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

अभियान अंतर्गत वृद्धजनों को 60 निःशुल्क चश्मे किए वितरित



देवास। सिविल सर्जनडॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि देवास के वृद्ध आश्रम बसेरा और सेवाश्रम में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत वृद्ध जनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण एवं दृष्टि संबंधी समस्याओं का उपचार किया गया।

जरूरतमंद 60 व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। गंभीर मामलों की पहचान कर उपचार हेतु परामर्श दिया गया।विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी प्रदान की गई।शिविर में जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम अधिकारी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा मिश्रा, नेत्र सहायक नेहा जैन, सुनील सोलंकी सहित जिला चिकित्सालय से टीम मौजूद रही।

सेवा ज्योति यात्रा आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का होगा वर्चुअल संबोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आज तुकोजीराव पवार स्टेडियम, भोपाल चौराहा देवास में सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार सहित जिले के सांसद, विधायक, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.15 बजे कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के आगमन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से होगी। सुबह 10 बजे अतिथियों का आगमन और वंदे मातरम के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का वर्चुअल संबोधन तथा 10.15 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन होगा। 10.55 बजे विकसित भारत @2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। इसके बाद सेवा ज्योति प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगान होगा।सुबह 11.10 बजे सेवा ज्योति यात्राओं को रवाना किया जाएगा। जिला स्तरीय यात्रा 11.15 बजे तुकोजीराव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर भोपाल चौराहा, अंबेडकर प्रतिमा होते हुए सयाजी गेट, लाल गेट स्थित राजा परिसर पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। इसके बाद ज्योति संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में ले जाकर वहां भी सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं से सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचने का आग्रह किया है।

3.25 करोड़ की लागत से बनेगा मार्केट विधायक पवार ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा शालिनी रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी परिसर में 3 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से नवीन शालिनी मार्केट का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को विधायक गायत्री राजे पवार ने महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया।इस अवसर पर विधायक पवार ने कहा कि रियासतकालीन सब्जी मार्केट के स्थान पर नवीन मार्केट का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से शहरवासियों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। प्रस्तावित मार्केट में प्रथम तल पर 19, द्वितीय तल पर 9 तथा तृतीय तल पर 9 दुकानों का निर्माण होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति रवि जैन, मनीष सेन, गणेश पटेल, खुशबू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे।

पितृ पक्ष में कथा का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों की शांति एवं सद्गति की कामना को लेकर नगर के यादव मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर गोये में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठे दिन बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कथा पंडाल में पहुंचे और भागवत कथा का श्रवण किया। कथावाचक पंडित संतोष शर्मा ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है, जिसके श्रवण से मनुष्य का जीवन सार्थक होता है और उसे मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष में भागवत कथा का श्रवण एवं धार्मिक आयोजन पितरों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का माध्यम है। कथा के दौरान गायक संतोष राठौर ने भगवान के भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कथा के छठे दिन भागवत महापुराण की आरती राजेंद्र यादव, भादर सिंह भाटिया, मनोज शुक्ला, अभय देव नागर, रमेश ठाकुर, रमेशचंद गुर्जर सरसोदा, दिलराज सिंह पटेल, कालू सिंह गुर्जर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने

11 अक्टूबर से प्रारंभ होगी शारदीय नवरात्रि, 12 वर्षों के पश्चात निर्मित हो रहा विशेष संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड



इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व 11 अक्टूबर से अपार श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ प्रारंभ होने जा रहा है। पंचांग के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिवस 11 अक्टूबर को प्रातः 10:04 बजे चंद्रमा कन्या राशि से तुला राशि में प्रवेश करेगा इसके साथ ही लगभग 12 वर्षों के दीर्घ अंतराल के पश्चात देवगुरु बृहस्पति अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान रहेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार नवरात्रि के प्रथम दिवस घटस्थापना हेतु मुख्य शुभ मुहूर्त प्रातः 06:22 बजे से 10:16 बजे तक रहेगा इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए अभिजित मुहूर्त प्रातः 11:50 बजे से अपराह्न 12:37 बजे तक रहेगा जिसमें घटस्थापना कर नवरात्रि साधना का संकल्प ग्रहण किया जा सकता है। शास्त्रानुसार रविवार के दिन नवरात्रि का प्रारंभ होने के कारण माँ दुर्गा हाथी (गज) पर सवार होकर पधार रही हैं जो देश-विदेश में सुख समृद्धि, उत्तम पैदावार एवं शांति का शुभ प्रतीक है। पंचांग के अनुसार 19 अक्टूबर को प्रातः 10:51 बजे तक महाअष्टमी तिथि रहेगी और उसके तत्पश्चात महानवमी तिथि प्रारंभ हो जाएगी। इस कारण अनेक स्थानों पर अष्टमी एवं नवमी तिथि का पूजन हवन तथा कन्या पूजन एक ही दिन 19 अक्टूबर को संपन्न किया जाएगा। इसके उपरांत 20 अक्टूबर को विजयादशमी का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

विधायक पवार ने किया आधुनिक विज्ञान व एसटीईएम लैब का उद्घाटन

बच्चों की वैज्ञानिक सोच होगी विकसित: विधायक पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विधायक गायत्री राजे पवार ने मंगलवार को महारानी चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में अत्याधुनिक भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया। इसके पश्चात विधायक ने नूतन स्कूल में स्थापित एसटीईएम लैब सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का भी उद्घाटन एवं निरीक्षण किया।

ये दोनों पहल सन फार्मा के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आसरा सामाजिक लोक कल्याण समिति द्वारा संचालित की गई हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, प्रयोगात्मक, डिजिटल एवं आधुनिक शिक्षा से जोड़ना है। महारानी चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी की आधुनिक प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है। इन प्रयोगशालाओं से विद्यालय के लगभग 1,400 छात्राएं लाभान्वित होंगे। प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण, मॉडल्स एवं प्रयोग आधारित संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि विद्यार्थी विज्ञान विषयों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक रूप से समझ सकें। इस अवसर पर विधायक पवार ने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं बच्चों की वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और सीखने की क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अब विद्यार्थी विज्ञान की अवधारणाओं को देखकर, छूकर, मॉडल्स के माध्यम से समझकर तथा स्वयं प्रयोग कर अधिक प्रभावी तरीके से सीख सकेंगे।

सनफार्मा प्लांट हेड गुलाब पाटिल ने भी बताया कि यह वैज्ञानिक लैब और शिक्षा से किस तरह से आगे बढ़ सकते है । देवास की तरह इंदौर के पास बेटमा में भी सनफार्मा का एक नया प्लांट बनने वाला है, तो हो सकता है भविष्य में यहाँ की छात्राएँ विज्ञान पढ़ वहाँ रोज़गार पा सके। लोकार्पण के दौरान सन फार्मा के सीएसआर सहयोग और आसरा सामाजिक लोक कल्याण समिति के प्रयासों से दोनों विद्यालयों में विकसित की गई। कार्यक्रम में दुर्गेश अग्रवाल, रवि जैन, धर्मेंद्र सिंह बैस, प्रवीण रघुवंशी, सेख निसार, शैलेश श्रीवास्तव, एवं आसरा टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन संजय जोशी ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन पूर्व प्राचार्य राजू सातपुते द्वारा किया गया।

दुर्गा उत्सव से पहले दिशा निर्देश किए जारी: मिट्टी की मूर्तियों को अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने दुर्गा उत्सव से पहले जिले में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों के निर्माण, विक्रय, परिवहन और स्थापना पर पूर्ण प्रतिबंध लगा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की गाइडलाइन अनुसार जिले में मूर्तियों का निर्माण केवल प्राकृतिक, विषाक्तहीन एवं जैव-निम्नीकरण योग्य पारंपरिक चिकनी मिट्टी से ही किया जा सकेगा।

मूर्तियों पर रासायनिक डाई, ऑयल पेंट, ईनेमल या सिंथेटिक रंगों का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा और इनके स्थान पर हल्दी, चंदन, गेरुआ व प्राकृतिक जल-आधारित रंगों का उपयोग अनिवार्य होगा। मूर्तियों की साज-सज्जा और पंडालों में थर्माकोल एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय नगरीय निकायों में पंजीकृत व अनुमत शिल्पकारों को ही मूर्तियाँ बनाने की पात्रता होगी, जिसके लिए सुरक्षा निधि जमा कराई जाएगी और नियमों की अवहेलना पर इसे राजसात कर लिया जाएगा।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बाहर के जिलों से पीओपी अथवा अत्यधिक बड़ी मूर्तियाँ लाकर नगर निगम सीमा में बेचना या पाण्डालों में स्थापित करना भी पूर्णतः वर्जित रहेगा। एसडीएम देवास को दल गठित कर मूर्तिकारों के भण्डारण का त्वरित औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। समितियों को केवल पंजीकृत मूर्तिकारों से ही पर्यावरण अनुकूल कम ऊँचाई वाली मूर्तियाँ लेने और प्रसाद वितरण में केवल पत्तल-दोने व जैव-अपघटनीय बर्तनों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम देवास सहित सभी निकायों को चयनित स्थलों जैसे कालूखेड़ी तालाब आदि पर अभेद्य लाइनर युक्त कृत्रिम कुंड तैयार करने तथा विसर्जन के 24 घंटे के भीतर अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार व दशहरे से पूर्व जलस्रोतों का गहरीकरण भी कराया जाएगा। प्रावधानों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त दण्डात्मक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

कूड़ा डालने को लेकर विवाद में परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के वीआईपी खांदी मोहल्ले में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले चार लोगों ने घर के बाहर बैठे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्लेवासियों ने बीच-बचाव किया। तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वीआईपी खांदी निवासी रामस्वरूप झा पुत्र स्व.हीरालाल झा ने बताया कि घटना 4 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे की है। वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले महेश चौबे, उनके पुत्र अर्पित चौबे व मयंक चौबे तथा कपिल पुत्र गुडडू वहां पहुंचे। आरोप है कि कूड़ा डालने की बात को लेकर चारों लोग गाली-गलौज करने लगे। परिवार के लोगों ने जब इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में रामस्वरूप झा के पुत्र अवनीश, मनोज तथा अवनीश की पत्नी अनीता घायल हो गए। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। पुलिस ने महेश चौबे, अर्पित चौबे, मयंक चौबे व कपिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पाइप योजना का बकाया मांगने पर धमकी का आरोप 10 किसानों पर मुकदमा

ललितपुर। उद्यान विभाग की पाइप वितरण योजना के तहत किसानों को दिए गए पाइपों की बकाया राशि और अनुदान का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर विवाद सामने आया है। तालबेहट क्षेत्र में यादव एजेंसी संचालक ने 10 किसानों पर बकाया रकम का भुगतान न करने तथा रकम मांगने पर मारपीट, झूठे मुकदमे में फंसाने के आरोप लगाए हैं। व्यापारी की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने 10 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसरा बांसी निवासी रामायण सिंह पुत्र अतर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी यादव एजेंसी से उद्यान विभाग की योजना के तहत किसानों को पाइप उपलब्ध कराए गए थे। आरोप है कि कई किसानों ने पाइप लेने के बाद योजना के तहत देय अनुदान एवं बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। इससे उनका काफी पैसा लंबे समय से फंसा हुआ है। रामायण सिंह के मुताबिक, उन्होंने संबंधित किसानों से कई बार बकाया राशि का भुगतान करने को कहा, लेकिन कथित तौर पर टालमटोल की जाती रही। आरोप है कि रकम मांगने पर कुछ लोगों ने मारपीट करने, झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी सूची में 10 लोगों पर बकाया राशि का विवरण भी दिया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बकाया रकम मांगने पर कुछ लोग उग्र हो गए और उसे अपना पैसा मांगना छोड़ देने की बात कहते हुए धमकाने लगे। कुछ लोगों पर रास्ते में अथवा घर बुलाकर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया गया है।

हत्या के मामले में 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में दबोचे

चोकाबाग छात्र हत्याकंड में वांछित बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़

- राजघाट के जंगल में हुई मुठभेड़, पंकज सहरिया पैर में गोली लगने से घायल
- अजय अहिरवार गिरफ्तार, तमंचा, कारतूस, चाकू व नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कोतवाली क्षेत्र में बी-फार्मा के छात्र भूपेंद्र अहिरवार की हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25-25 हजार रुपये के दो इनामी अभियुक्तों को पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। राजघाट क्षेत्र के जंगल में हुई पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त मोहल्ला रावतयाना निवासी पंकज सहरिया पुत्र कोमल सहरिया के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी ग्राम रघुनाथपुरा निवासी अजय अहिरवार पुत्र राधेलाल को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा 700 रुपये नकद बरामद हुए हैं। वहीं अजय अहिरवार के कब्जे से 315 बोर का एक जिंदा कारतूस और 1120 रुपये नकद बरामद किए गए। बताया गया है कि बीती 28 सितंबर 2026 को भूपेंद्र अहिरवार की हत्या के संबंध में कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान अजय अहिरवार नामजद अभियुक्त था, जबकि साक्ष्यों के आधार पर पंकज सहरिया भी प्रकाश में आया। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें लगातार दोनों की तलाश में जुटी थीं। मंगलवार को पुलिस टीमों को दोनों के राजघाट क्षेत्र के जंगल में मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकडऩे का प्रयास किया तो अभियुक्तों की ओर से फायरिंग किए जाने की बात पुलिस ने बताई। जवाबी कार्रवाई के दौरान पंकज सहरिया के पैर में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अजय अहिरवार को भी मौके से दबोच लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पंकज के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और अवैध असलहा भी बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी हत्या के मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त प्रताप उर्फ रोली उर्फ प्रहलाद को भी 4 अक्टूबर 2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया जा चुका है। मंगलवार की कार्रवाई के बाद मामले में अब तक कई वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह कार्रवाई एडीजी कानपुर जोन और आईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश पर एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

तीसरी बार बिजली घर में फॉल्ट

मेडिकल कॉलेज में शॉर्ट सर्किट से धमाका, परिसर में धुआं ही धुंआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार देर रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से जोरदार धमाका हो गया। पैथोलॉजी लैब के पास स्थित बिजली घर के कमरे में अचानक हुए फॉल्ट के बाद देखते ही देखते पूरा कमरा धुएं से भर गया।

धमाके की आवाज सुनकर वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे तत्काल कमरे से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि सोमवार रात करीब 11.30 बजे तक पैथोलॉजी लैब के आसपास सब कुछ सामान्य था। इसी दौरान लैब के पास बने बिजली घर में अचानक विद्युत शॉर्ट सर्किट हुआ और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। कुछ ही देर में बिजली घर का कमरा धुएं से भर गया। घटना से मेडिकल कॉलेज परिसर में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों के अनुसार, बिजली घर में शॉर्ट सर्किट की यह घटना दो दिनों के भीतर तीसरी बार हुई है। इससे पहले रविवार दोपहर करीब 3 बजे तथा सोमवार सुबह भी इसी स्थान पर विद्युत फॉल्ट हो चुका था। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कर्मचारियों में चिंता बढ़ गई है। मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील संस्थान में बिजली व्यवस्था में बार-बार फॉल्ट होने से कर्मचारियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था की तकनीकी जांच और आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी समय बड़ा हादसा हो सकता है। शॉर्ट सर्किट के कारण मेडिकल कॉलेज में लगे कीमती विद्युत एवं चिकित्सकीय उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने का भी खतरा बना हुआ है। कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों से बिजली घर की तत्काल जांच कराने, बार-बार हो रहे फॉल्ट के कारणों का पता लगाने तथा विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके।

कला संकाय विकास कार्यक्रम के तहत राजनीति विज्ञान पर व्याख्यान

राजनीति विज्ञान के अध्ययन से प्रशासनिक सेवाओं से लेकर शोध तक रोजगार के अनेक अवसर : शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय में कला संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन तुलसी सभागार में किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। बीए एवं एमए राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों को प्राचार्य ने कहा कि राजनीति विज्ञान केवल राजनीतिक व्यवस्था के अध्ययन तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह संविधान, शासन-प्रशासन, लोकतंत्र, अंतरराष्ट्रीय संबंध, लोकनीति, सार्वजनिक प्रशासन एवं समसामयिक घटनाओं को समझने का व्यापक माध्यम है।

विद्यार्थियों को बताए कैरियर के विभिन्न रास्ते

उन्होंने कहा कि राजनीति विज्ञान का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, प्रशासन, प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध, मीडिया और सामाजिक क्षेत्र में रोजगार एवं कैरियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में राजनीति विज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईएफएस सहित विभिन्न केंद्रीय सेवाओं की तैयारी को बेहतर दिशा दे सकते हैं। इसके अलावा राज्य प्रशासनिक सेवाओं, पुलिस सेवाओं एवं अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भारतीय राजव्यवस्था एवं राजनीति विज्ञान का ज्ञान काफी उपयोगी साबित होता है। विशेष व्याख्यान में डा.रामकुमार रिछारिया ने राजनीति विज्ञान में शोध एवं उच्च शिक्षा की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एमए के बाद विद्यार्थी पीएचडी कर राजनीतिक सिद्धांत, भारतीय राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और लोक नीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शोध कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विषय की गहराई से पढ़ाई करने तथा शोध के क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति विज्ञान की पृष्ठभूमि पत्रकारिता एवं मीडिया के क्षेत्र में भी उपयोगी है। राजनीतिक विश्लेषण, समाचार लेखन, डिजिटल मीडिया, संपादन तथा समसामयिक विषयों की व्याख्या जैसे क्षेत्रों में इस विषय के विद्यार्थियों के लिए बेहतर संभावनाएं हैं। राजनीति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डा.रजनी उपाध्याय ने बीए एवं एमए राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम तथा असाइनमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने पाठ्यक्रम की विषयवस्तु को समझने के साथ नियमित अध्ययन एवं असाइनमेंट को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर डा.काजोल तिवारी ने कहा कि राजनीति विज्ञान विद्यार्थियों में संविधान, लोकतंत्र, शासन, प्रशासन एवं समसामयिक घटनाओं की समझ विकसित करता है। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल अकादमिक अनुशासन नहीं, बल्कि सरकारी सेवाओं, उच्च शिक्षा, शोध, मीडिया, लोक नीति एवं सामाजिक विकास जैसे अनेक कैरियर मार्गों का आधार बन सकता है। इस दौरान प्रो.डा.आशा साहू, प्रो.डा.अनिल सूर्यवंशी, डा.रजनी उपाध्याय, डा.काजोल तिवारी, फहीम बख्श सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बीए तथा एमए राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जनपद में 163 की निषेधाज्ञा लागू, 30 नवंबर तक प्रतिबंध

ललितपुर। आगामी नवरात्रि, दशहरा, दीपावली पर्व तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश 5 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने त्यौहारों और चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए विभिन्न प्रतिबंध लगाए हैं। आदेश के मुताबिक सार्वजनिक स्थानों पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्र होने पर रोक रहेगी। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल अथवा संगठन को प्रदर्शन, जुलूस या सभा करने की अनुमति नहीं होगी। निषेधाज्ञा लागू किए जाने के पीछे आगामी प्रमुख त्योहार और निर्वाचन प्रमुख कारण हैं। प्रशासन के अनुसार शारदीय नवरात्रि 11 से 19 अक्टूबर, विजयादशमी 20 अक्टूबर, विधान परिषद खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन का मतदान 23 अक्टूबर तथा दीपावली पर्व 8 से 10 नवंबर तक प्रस्तावित है। इन आयोजनों के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित किए जाने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने पहले से एहतियाती कदम उठाया है। आदेश के तहत विवाह एवं अन्य समारोहों में हर्ष फायरिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने पर भी रोक लगाई गई है, जिनसे जनसुरक्षा प्रभावित हो सकती है। सार्वजनिक स्थानों पर भय या आक्रोश पैदा करने वाले शस्त्र लेकर चलने अथवा उनका प्रदर्शन करने की भी अनुमति नहीं होगी। हालांकि, शासकीय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों तथा लाठी के सहारे चलने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

भूकंप जैसी आपदा से निपटने का हुआ वृहद मॉकड्रिल

शहर के घंटाघर चौक पर गूंजी सायरन की आवाज, मलबे में दबे लोगों का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल घंटाघर चौक पर वृहद मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में हुए इस आपदा प्रबंधन अभ्यास में एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित विभिन्न विभागों ने हिस्सा लेकर आपात स्थिति में अपने-अपने दायित्वों का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप के झटकों से बहुमंजिला इमारत ढहने और उसके मलबे में लोगों के फंसने का वास्तविक जैसा परिदृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और एनडीआरएफ की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को तलाशकर सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया। इस दौरान बचाव अभियान में अपनाई जाने वाली तकनीकों और टीमों के बीच समन्वय को भी परखा गया। मॉक ड्रिल में आपदा के दौरान बिजली के शॉर्ट सर्किट से इमारत में आग लगने का भी परिदृश्य बनाया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाने और इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और राहत-बचाव के तौर-तरीकों का प्रदर्शन किया। आपदा के बाद घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मौके पर ही ट्रियाज एरिया यानी तंबू अस्पताल स्थापित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच, प्राथमिक उपचार और उपचार के लिए आगे भेजने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। गंभीर रूप से घायल एवं अचेत मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट देने तथा सीपीआर के जरिए जीवन बचाने की प्रक्रिया भी व्यावहारिक रूप से दिखाई गई। आपदा की स्थिति में राहत कार्यों के दौरान भीड़ बढऩे और अफरा-तफरी की आशंका को देखते हुए पुलिस बल एवं सिविल डिफेंस ने भीड़ प्रबंधन का अभ्यास किया। राहत एवं बचाव दलों के लिए रास्ता साफ रखने, लोगों को सुरक्षित क्षेत्र में ले जाने और मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया।

वृहद मॉक ड्रिल में आपदा मित्र, सिविल डिफेंस, ग्वाला एकेडमी, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और मीडिया प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। अभ्यास के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखा गया। समापन पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मॉक ड्रिल में शामिल सभी विभागों, टीमों और स्वयंसेवकों की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपदाएं बिना पूर्व सूचना के आती हैं, लेकिन सजगता और पूर्व तैयारी से जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि भूकंप या किसी अन्य आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य बनाए रखें, पहले स्वयं को सुरक्षित करें और सुरक्षित तरीके से दूसरों की सहायता करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई, एएसपी कालू सिंह, एडीएम दिनेश कुमार, एसडीएम हेमंत पटेल, आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह सहित अन्य अधिकारी, आपदा मित्र, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

ललितपुर के सृजल राठौर ने बढ़ाया जिले का मान

पैरा टेबल टेनिस में राज्य स्तर पर टॉप-3 में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हौसले और मेहनत के सामने शारीरिक चुनौतियां भी छोटी पड़ जाती हैं। इसे साबित कर रहे हैं मोहल्ला चौकाबाग निवासी युवा पैरा-एथलीट सृजल राठौर। 40 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता के बावजूद सृजल ने खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। पैरा टेबल टेनिस के साथ एथलेटिक्स में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हाल ही में देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित मैराथन में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले सृजल ने अपनी मेहनत, अनुशासन लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कई प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। उनका प्रदर्शन यह संदेश देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सृजल राठौर ने देहरादून में आयोजित मैराथन दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ जिले के खेल प्रेमियों में भी खुशी का माहौल है। इससे पहले भी सृजल लंबी दूरी की दौड़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में



आयोजित रन फॉर गोमती की 10.5 किलोमीटर दौड़ 42 मिनट 38 सेकंड में पूरी की थी। वहीं 10 किलोमीटर माउंटेन रन 56 मिनट 25 सेकंड में पूरा कर अपनी फिटनेस और क्षमता का परिचय दिया।

एथलेटिक्स के साथ सृजल राठौर पैरा टेबल टेनिस में भी लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पैरा टेबल टेनिस स्टेट टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-3 में स्थान बनाया। अपने प्रदर्शन के दम पर सृजल ने नवंबर में वडोदरा में होने वाले नेशनल रैंकिंग पैरा टेबल टेनिस टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया है। अब उनकी नजर राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी रैंकिंग मजबूत करने पर है। सृजल राठौर 40 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता के साथ जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। उनके बाएं हाथ में शारीरिक चुनौती है, लेकिन उन्होंने इसे अपने लक्ष्य के रास्ते की बाधा नहीं बनने दिया। लगातार अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के दम पर उन्होंने खेल के मैदान में अपनी पहचान कायम की है। सृजल ललितपुर नगर के निवासी हैं। उनके पिता संतोष राठौर किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं।

साधारण किसान परिवार से आने के कारण उनके सामने संसाधनों की सीमाएं भी रहीं, लेकिन परिवार ने उनके खेल और सपनों को आगे बढ़ाने में लगातार सहयोग किया। सृजल ने पढ़ाई के साथ खेल को भी अपने जीवन का महत्वपूर्ण लक्ष्य बनाया और लगातार अभ्यास करते हुए उपलब्धियों की ओर कदम बढ़ाए। सृजल की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, आईएएस एवं जिला प्रशासन के सहयोग की भी भूमिका रही। आर्थिक परिस्थितियों के चलते सृजल को उच्च गुणवत्ता वाले खेल उपकरण एवं बेहतर अभ्यास सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा था। जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्हें पैरा टेबल टेनिस के आवश्यक प्रोफेशनल उपकरण एवं अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग मिला। प्रशासन से मिले इस सहयोग के बाद सृजल ने अपनी तैयारियों को और गति दी और पैरा टेबल टेनिस के साथ एथलेटिक्स में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन किया। सृजल राठौर को उनके खेल के प्रति समर्पण एवं उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार-2026 से भी सम्मानित किया जा चुका है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण भारत परिवार ट्रस्ट द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सृजल का लक्ष्य अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना है।

उनका सपना है कि भविष्य में वह भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पैरालंपिक खेलों में देश के लिए पदक जीतें और अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराएं। सृजल की उपलब्धियां उन दिव्यांग खिलाडिय़ों और युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, जो शारीरिक या आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों को सीमित समझने लगते हैं। देहरादून मैराथन का स्वर्ण पदक, पैरा टेबल टेनिस में राज्य स्तर पर टॉप-3 स्थान और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफिकेशन उनकी खेल यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। अब सृजल की नजर नवंबर में वडोदरा में होने वाली नेशनल रैंकिंग पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता पर है।

ग्राम खितवांस में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिलने से मचा हड़कंप

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम खितवांस में एक युवक ने घर के अंदर टीनशेड के नीचे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग खेत पर काम करने गए हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर की तलाशी के दौरान कथित रूप से मृतक द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिलने तथा मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद परिजनों ने प्रताड़ना और वैवाहिक विवाद से जुड़े गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम खितवांस निवासी नीतूराम पुत्र मठोले उर्फ बन्दे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई मन्टू अहिरवार ने 4 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब एक बजे अपने घर में टीनशेड के नीचे फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के सदस्य खेतों पर काम करने गए हुए थे। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद खितवांस पुलिस चौकी को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों के मुताबिक घर की तलाशी के दौरान दादा के दवा के पर्चे के पीछे मन्टू द्वारा लिखा हुआ एक सुसाइड नोट मिला। तहरीर के अनुसार, नोट में मृतक ने अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी, घर के सामने रहने वाले साहिल पुत्र मुन्ना खां और साहिल की पत्नी आस्मा को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। इसके अलावा मृतक के मोबाइल में मौजूद कॉल रिकॉर्डिंग का भी पुलिस के समक्ष उल्लेख किया गया है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी के जीजा मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ थाना बुढेरा के ग्राम नगारा निवासी कल्यान ने फोन पर पत्नी लक्ष्मी और साहिल के बीच कथित संबंधों की जानकारी मन्टू को दी थी। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद विवाद और कथित प्रताडना से परेशान होकर मन्टू ने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने लक्ष्मी देवी, साहिल, आस्मा और कल्यान के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

सोयाबीन भावांतर पंजीयन, मुख्यमंत्री जन विश्वास व सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय में निराकरण नहीं होने व लंबित शिकायतों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माने के निर्देश

छापीहेड़ा व संडावता पर कलेक्टर की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान तहसीलदार छापीहेड़ा एवं नायब तहसीलदार संडावता से संबंधित शिकायतें समय-सीमा बाह्य पाए जाने पर दोनों पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-अटेंडेंस एवं सार्थक ऐप पर दर्ज उपस्थिति की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी की जाए तथा ई-अटेंडेंस व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

भावांतर पंजीयन में किसानों को मिले आवश्यक जानकारी और सुविधा

▶▶ बैठक में 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किए जा रहे सोयाबीन भावांतर पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मंडियों में किसानों एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर भावांतर योजना के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दें। उन्होंने पात्र किसानों के पंजीयन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

▶▶ **आरटीई की जानकारी लंबित रखने पर कारण बताओ नोटिस के निर्देश**
शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में वर्ष 2024-25 की आरटीई संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर डीपीसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

▶▶ **मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए अब तक की गई गतिविधियों एवं विभागीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों अभियानों के माध्यम से शासन की योजनाओं, सेवाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए।

▶▶ **निर्वाचन संबंधी कार्यों में तत्परता के निर्देश**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

▶▶ **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व अधिकारियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली**
बैठक के अंत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व सभी जिलाधिकारियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के उद्देश्य एवं निर्धारित गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई।

कोटवार संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

2 से विरोध जारी, 22 से काम बंद, 30 से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भिलाला के नेतृत्व में सोमवार को कोटवारों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। संघ ने कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कोटवारों को योग्यता के अनुसार सहायक पटवारी, भृत्य, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य समकक्ष पदों पर पदोन्नति का लाभ देने की मांग की। साथ ही भविष्य की भर्तियों में कोटवारों को आरक्षण देने की मांग रखी। ज्ञापन में सेवा भूमि का स्वामित्व पुनः कोटवारों के नाम दर्ज करने, भूमिधारी कोटवारों को भी प्रतिवर्ष 500 रुपए मानदेय वृद्धि देने, सीयूजी सिम उपलब्ध कराने तथा वर्दी की राशि पूर्व की तरह सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराने की मांग की गई। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी आदेश निरस्त करने, मृतक कोटवार के परिवार को 10 लाख रुपए अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए करने की मांग भी रखी गई।

संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 2 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा। 22 अक्टूबर से जिला स्तर पर धरना और काम बंद आंदोलन तथा 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। यापन देने वालों में रंगलाल वर्मा, मनीष भिलाला, देवकरण बागरी, राधेश्याम नागर, भगीरथ वर्मा, राजेश भिलाला सहित कोटवार मौजूद थे।

माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं उत्साहित

कन्या कबड्डी टीम को समाजसेवियों ने दी टी-शर्ट



अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर के समाजसेवी अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर की कबड्डी टीम की छात्राओं को टी-शर्ट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने छात्राओं को खेलों में निरंतर आगे बढ़ने तथा अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। टी-शर्ट मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया।

विद्यालय परिवार ने अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम नागरिकों द्वारा शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने से उनका मनोबल बढ़ता है। इस तरह की पहल अन्य सामाजिक संगठनों और नागरिकों को भी छात्रहित में सहयोग के लिए प्रेरित करती है।विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी शिक्षा, खेल एवं छात्रहित के कार्यों में समाजसेवियों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

हेलमेट रैली में पुलिस ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश, हेलमेट पहनकर पहुंचे बाइक सवारों का पुलिस ने माला पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सारंगपुर-पचोर पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया। सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी एवं पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में स्कूली बच्चे हाथों में हेलमेट लेकर शामिल हुए और वाहन चालकों से 'हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं' का संदेश दिया। पचोर में आयोजित रैली में लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे, शिक्षक और थाना स्टाफ शामिल हुआ। वहीं सारंगपुर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बच्चों ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना के दौरान सिर को गंभीर चोट से बचाने और जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

बच्चों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की



चालान के डर से नहीं, परिवार के लिए पहनें हेलमेट

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पुलिस के डर या चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए पहनें। सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. आई. अंसारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना आदत के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी बनना चाहिए। बच्चों के माध्यम से यह संदेश घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

वाहन चालकों की हौसला अफजाई की गई

रैली के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले 10 से अधिक बाइक सवारों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोककर माला पहनाकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ने वाहन चालकों की हौसला अफजाई की। पुलिस का उद्देश्य हेलमेट पहनने वालों को प्रोत्साहित करना और अन्य वाहन चालकों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब के डॉ. पीएस परमार, दिलीप सोनी, सचिव राकेश वर्मा सहित क्लब पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, बच्चे और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

विजयादशमी पर्व पर कॉलेज ग्राउंड में मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

विजयादशमी पर्व 20 अक्टूबर को सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप दशहरा उत्सव का आयोजन मंदसौर के कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। उत्सव की तैयारियों हेतु आवश्यक विचार विमर्श पर सुझावों हेतु दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति की एक बैठक प्रेम गार्डन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें नगर के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारा नगर एक उत्सव प्रिय नगर है और विगत लगभग 25 वर्षों में कॉलेज ग्राउंड पर



हो रहे दशहरा उत्सव की इस परंपरा ने आकाशीय ऊंचाइयां प्राप्त की है। सिसोदिया ने कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी से चर्चा कर इस आयोजन के साथ शासकीय स्तर पर भी कोई सांस्कृतिक प्रसंग जोड़ने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा विगत दिनों भोपाल प्रवास के दौरान जो संकल्प व्यक्त किया गया कि 2029 तक मध्य प्रदेश को नशा मुक्त कर देंगे उसी तारतम्य में इस भव्य उत्सव में नशामुक्त भारत का भी संदेश दिया जाएगा। दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति के संयोजक ब्रजेश जोशी ने कहा कि दशहरा पर्व पर 1984 से नगर में रावण के पुतले जलाने की परंपरा जीवागंज से शुरू हुई जो कालांतर में कालाखेत हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान ओर विगत 25 वर्षों से कॉलेज मैदान में यह उत्सव मनाया जाता है। हालांकि दशहरा पर्व पर खानपुरा में रावण की पक्की प्रतिमा की पूजा ओर प्रतीकात्मक दहन की परम्परा आज भी कायम है।

70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता 2026 (बालक 14 वर्ष) का शुभारंभ मंगलवार को उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मदनलाल राठौर, सहसंयोजक खेल प्रकोष्ठ भाजपा मध्य प्रदेश शांतिलाल मालवीय, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी घासीलाल जोगचंद ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय मंदसौर की छात्राओं द्वारा ह्यचक दे इंडियाह्न गीत पर दी गई। वहीं समितियों का गठन रूपरेखा उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक के.सी. सोलंकी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अशोक कुमार रत्नावत द्वारा किया गया।

नेशनल खिलाड़ी राम पाटीदार ने सभी खिलाड़ियों को सच्ची भावना के साथ खेल शपथ दिलाई गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद जी का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बच्चे खेलों में होते हैं, उस देश को कोई गुलाम नहीं बना सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को खूब बढ़ावा दिया है, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया, वे चांद की रोशनी में हॉकी खेलते थे। उनके अंदर देश प्रेम, लगन और निष्ठा थी।जो खेल को ऊंचाइयों पर ले गई।

इसके बाद सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व टर्फ मैदान एम.आई.टी. चौराहा पर हॉकी प्रतियोगिता में 13-0 से उज्जैन संभाग, रीवा संभाग से लीग मैच में विजय हुआ। जबलपुर संभाग इंदौर संभाग से 1- 0 से लीग मैच में विजय हुआ। मार्च पास्ट सेंट थॉमस स्कूल मंदसौर के तत्वावधान में निकाला गया। अंत में आभार प्रदर्शन जिला क्रीड़ा अधिकारी घासीलाल जोगचंद द्वारा किया गया।

17 को निकालेंगे 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा, तैयारियां तेज

नवरात्रि पर आस्था का महासंगम, हिंदू उत्सव समिति निकालेगी चुनरी यात्रा

हिंदू उत्सव समिति ने पुष्पा पंवार को बनाया संयोजक मातृशक्ति को सौंपी कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर आस्था और भक्ति का माहौल बनने लगा है। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर रविवार शाम को मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा आगामी 17 अक्टूबर, शनिवार, सप्तमी के दिन निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई

बैठक में इस वर्ष की चुनरी यात्रा के लिए संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई। हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से -संयोजक श्रीमती पुष्पा पंवार, सह-संयोजक - श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती वर्षा मंगल एवं श्रीमती मंजू आर्य को नियुक्त किया गया। समिति ने मातृशक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

यह रहेगा यात्रा का मार्ग

हिउस अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि चुनरी यात्रा नगर के खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातमंड से प्रारंभ होगी। जो पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चैराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां मातारानी की भव्य आरती एवं पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा।बैठक में हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक, अध्यक्ष पवन शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

सेवा सेतु अभियानः नपा परिसर में 25 विभागों के स्टॉल लगाए

शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ दफ्तरों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। 'सरकार आपके द्वार' की तर्ज पर लगाए गए इस शिविर में करीब 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना और शासकीय सेवाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाना है।

17 अक्टूबर तक चलेगा अभियानः एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि सेवा सेतु अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक 650 से अधिक यूनिट रक्तदान भी किया जा चुका है।